# 11780 - मेडिकल जाँच के बाद उससे कुछ निकला

**प्रश्न**

क्या एक महिला को स्मीयर टेस्ट या अन्य स्त्री रोग संबंधी जाँच कराने के बाद शुद्धता प्राप्त करना पड़ेगा?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यह स्पष्ट नहीं है कि स्मीयर टेस्ट क्या है, लेकिन अगर कुछ ऐसी चिकित्सीय जाँचें हैं जो गर्भाशय आदि का इलाज करने के लिए उसे भग के माध्यम से करानी पड़ती हैं, तो अगर उस दौरान गर्भाशय या योनि से कोई चीज़ निकलती है, या तो रक्त या कोई तरल पदार्थ आदि, तो उसे छोटी शुद्धता (वुज़ू) के साथ खुद को पवित्र करना होगा।

लेकिन अगर यह स्पष्ट हो जाता है कि निकलने वाला खून मासिक धर्म का खून है, जैसे कि वह मासिक धर्म के साथ मेल खाता है, तो उसे ग़ुस्ल करना होगा।